## प्रतिवेदन

कार्य का नाम:– जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड भटवाड़ी में मुस्टिक सौड–कुरोली मोटर मार्ग के कंकराड़ी बैण्ड से किशपुर तक मोटर मार्ग निर्माण कार्य हेतु 1.163 है० सिविल सोयम वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव (किमी० 1.50 तक)

उपरोक्त मोटर मार्ग की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति शासनादेश सं० 5384(1)/III(2)/10–02(एम०एल०ए०)/2010 दिनांक 13 दिसम्बर 2014 द्वारा रू० 18.93 लाख की प्राप्त हुई है। यह मोटर मार्ग राज्य योजना के अन्तर्गत स्वीकृत है, उक्त मोटर मार्ग मुस्टिक सौड–कुरोली मोटर मार्ग के कंकराड़ी बैण्ड से किशपुर तक निर्मित किया जायेगा। जिसकी कुल लम्बाई 1.50 किमी० व चौड़ाई 7.00 मी० में सिविल सोयम वन भूमि का उपयोग किया जायेगा, उक्त मोटर मार्ग के निर्मित होने पर ग्राम किशपुर, मानपुर, मुस्टिक सौड कुरोली मोटर मार्ग से जुड़ जायेगा। जिससे ग्रामवासियों को यातायात की सुविधा एवं मुस्टिक सौड में राजकीय इण्टर कालेज एवं आयुर्वेदिक चिकित्सालय की दूरी कम हो जायेगी। जिससे ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा प्रदान होगी।

उक्त मोटर मार्ग का समरेखण अधीक्षण अभियन्ता 6वॉं वृत्त लो०नि०वि० उत्तरकाशी द्वारा स्वीकृत है। भूवैज्ञानिक मार्गस्थल निरीक्षण आख्या प्रस्ताव में संलग्न है।

मार्ग निर्माण के अन्तर्गत पड़ने वाली वनभूमि का संयुक्त निरीक्षण 30.10.2014 को राजस्व विभाग, वन विभाग एवं प्रस्तावक विभाग द्वारा किया गया है। जिसमें आरक्षित वन भूमि शून्य एवं सिविल सोयम वन भूमि 1.103 है० व नाप भूमि 0.113 है० भूमि का उपयोग किया जायेगा। जिसमें विभिन्न प्रजाति के सिविल सोयम वन भूमि में 106 वृक्ष एवं नाप भूमि में 13 वृक्ष एवं कुल 119 वृक्षों का पातन किया जाना आवश्यक है। जिसकी गणना सूची प्रस्ताव में संलग्न है।

मोटर मार्ग निर्माण कार्य से जो मलवा उत्सर्जित किया जायेगा उक्त मलवे के निस्तारण हेतु दो मलवा डम्पिंग स्थल चयनित किये गये है। जिनका का चार्ट संलग्न है।

मोटर मार्ग में पड़ने वाली सिविल सोयम वन भूमि का विवरण निम्नप्रकार है।

1– मोटर मार्ग निर्माण हेतु–                0.963 है० सिविल सोयम वन भूमि

2– मोटर मार्ग निर्माण से उत्सर्जित मलवा डम्पिंग स्थल 1 ग्राम कंकराड़ी में–                0.100 है० सिविल भूमि

3– मोटर मार्ग निर्माण से उत्सर्जित मलवा डम्पिंग स्थल 2 ग्राम मानपुर में–                0.100 है० सिविल भूमि

योग:–                1.103 है०

अतः वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव चैकलिस्ट के आधार पर गठित किया गया है। मार्ग निर्माण हेतु 1.163 है० वन भूमि प्रान्तीय खण्ड लो०नि०वि० भटवाड़ी के पक्ष में हस्तान्तरण प्रस्ताव स्वीकृति प्रेषित।

सहायक अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो०नि०वि०
भटवाड़ी

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो०नि०वि०
भटवाड़ी